दैनिक भास्कर
दिनांक 23/10/2021

# रंगोली में मुस्कान एवं खुशमन्ता ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज | कनीना

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में, प्राचार्य डॉ विक्रम यादव के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंकित यादव के निर्देशन में करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा को पहचानना है, ताकि उनकी प्रतिभा को पहचान कर, उसे विकासोन्मुखी किया जा सके। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान एवं खुशमन्ता, द्वितीय स्थान पर बीएसी प्रथम वर्ष की छात्रा लाली एवं सुनीता तथा तृतीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष से नेहा, मोनिका, भतेरी व बीए प्रथम वर्ष से प्रिया एवं प्रीति रही। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.सीमा, नीतू, कविता ने निभाई। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय परिवार के सदस्य डॉ. सुधीर, सोमेश, हरपाल, अनिल, राजेश, मोनू यादव, देवेंद्र, पूनम मौजूद रहे।



कनीना में रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

# रंगोली में मुस्कान एवं खुशमंता अव्वल



रंगोली बनाते उन्हाणी कालेज के विद्यार्थी • जागरण

**संवाद सहयोगी,कनीना :** राजकीय कन्या महाविद्यालय में उन्हाणी में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में, प्राचार्य डाक्टर विक्रम यादव के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर अंकित यादव के निर्देशन में करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा को पहचानना है, ताकि उनकी प्रतिभा को पहचान कर, उसे विकासोन्मुखी किया जा सके। इस में प्रथम स्थान पर मुस्कान एवं खुशमंता (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर लाली एवं सुनीता तथा तृतीय नेहा, मोनिका, भतेरी रही।

दैनिक जागरण
दिनांक 23/10/2021